Bharat Temples

आओ चलें शिव जी के द्वारे

आओ चलें शिव जी के द्वारे,
हर हर महादेव, बोल जयकारे,

बोल जयकारे सब बोल जयकारे,
शिव चंद्रभाल शीश गंग धारे,
हर हर महादेव बोल जयकारे,
आओ चलें शिव जी के द्वारे,
हर हर महादेव बोल जयकारे,

गुर पितु मातु महेस भवानी,
प्रनवउँ दीनबंधु दिन दानी,
शिव भव से पार उतारें,
हर हर महादेव बोल जयकारे,
आओ चलें शिव जी के द्वारे,
हर हर महादेव बोल जयकारे ,

कलि बिलोकि जगहित हर गिरिजा,
साबर मंत्र जाल जिन्ह सिरिजा,
शिव बिगड़े भाग्य सवारें,
हर हर महादेव बोल जयकारे,
आओ चलें शिव जी के द्वारे
हर हर महादेव बोल जयकारे,

रामकथा मुनिबर्ज़ बखानी,
सूनी महेस परम सुख मानी,
शिवजी को राम अति प्यारे,
हर हर महादेव बोल जयकारे,
आओ चलें शिव जी के द्वारे,
हर हर महादेव बोल जयकारे,

आभार : ज्योति नारायण पाठक
वाराणसी

Source: https://www.bharattemples.com/aao-chale-shiv-ji-ke-daware-har-har-mahadev-bol-jaikaare/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw